हरिभूमि

# विदिशा-रायसेन भूमि फ्रंट पेज

भोपाल, रविवार 24 मार्च 2024

गंजबासौदा | सांची | सिरोंज | लटेरी | गैरतगंज | बेगमगंज | सुल्तानपुर | बाड़ी | बरेली

04 विराट महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर, एसपी ने ...



08 शार्ट सर्किट से गेंहू की फसल में लगी आग



## विदिशा मंडी भाव

| उपज | निम्नतम | अधिकतम |
|---|---|---|
| गेहूं शरबती | 2800 | 4350 |
| गेहूं 1544 | 2000 | 3067 |
| चना | 4200 | 5751 |
| मसूर | 4200 | 5955 |
| सोयाबीन | 2907 | 4500 |
| सरसों | 3800 | 5360 |
| धान | 1900 | 3720 |
| तेवड़ा | 4180 | 4401 |
| धनिया | 4700 | 4700 |
| उड़द | 0000 | 0000 |

## मोहित रघुवंशी बने कांग्रेस जिलाध्यक्ष

**विदिशा।** कांग्रेस ने मोहित रघुवंशी को कांग्रेस जिलाध्यक्ष नियुक्त किया गया। पिछले दिनों कांग्रेस नेता राकेश कटारे ने कांग्रेस पार्टी से जिलाध्यक्ष का पद छोड़कर कांग्रेस से भाजपा में शामिल हो गए थे। इसके बाद से कांग्रेस जिलाध्यक्ष का पद खाली था। मोहित रघुवंशी लंबे समय से कांग्रेस पार्टी में सक्रिय हैं और पूर्व में भी वह कांग्रेस जिलाध्यक्ष रह चुके हैं।



## खबर संक्षेप

### महिला अधिवक्ता का सम्मान कार्यक्रम हुआ




**विदिशा।** अंतरराष्ट्रीय महिला दिवस के उपलक्ष्य में अधिवक्ता परिषद मध्य भारत प्रांत इकाई द्वारा महिला अधिवक्ता का सम्मान कार्यक्रम रखा गया। जिसमें अधिवक्ता परिषद की उपाध्यक्ष रीटा तिवारी, अध्यक्ष रामदिलेश रघुवंशी, महामंत्री जीवन सिंह किरार, हिम्मत सिंह कुशवाह, धूपसिंह तोमर, दीपक गर्ग, सागर मीणा, राकेश मीणा, अनुराग व्यास अखिलेश अहिरवार एवं अन्य अधिवक्ता उपस्थित रहे।

### बैंक खाते से निकल गए 3 लाख 32 हजार

**विदिशा।** पूरनपुरा लालधाऊ निवासी प्रीतम सिंह किरार ने सिविल लाइन थाने में आवेदन देकर अपने साथ हुई धोखाधड़ी की शिकायत की है। आवेदन में कहा गया है कि बैंक द्वारा एक साल से कोई मैसेज नहीं भेजा गया और खाते से लगातार रुपए निकलते रहे। प्रीतम सिंह ने बताया की यूनियन बैंक शाखा में उनका खाता है। एक साल से लगातार पैसे निकलते रहे और कोई मैसेज भी प्राप्त नहीं हुआ। लगभग 3 लाख 32 हजार रुपए निकल चुके हैं। जिसकी खाताधारक को कोई जानकारी नहीं है। थाने में आवेदन देकर उचित कार्रवाई की मांग की गई है।

### परिणामः सुनील प्रथम, मनोज दूसरे और अनुज तीसरे स्थान पर रहे

**विदिशा।** बरकतउल्लाह विश्वविद्यालय द्वारा एलएलबी 5th सेमेस्टर के पाठयक्रम का परीक्षा परिणाम जारी कर दिया गया है। जिसमें कुशाभाऊ ठाकरे विधि महाविद्यालय के छात्रों ने लॉ पाठयक्रम में सुनील विश्वकर्मा ने प्रथम, मनोज प्रजापति ने दूसरा एवं अनुज तिवारी ने तीसरा स्थान प्राप्त किया। इस अवसर पर महाविद्यालय के संचालक आनंद शरण, प्राचार्या डॉ नीलम पौराणिक एवं समस्त स्टाफ ने छात्रों के बधाई दी है।







# होली की पूर्व संध्या पर धार्मिक, सामाजिक संगठनों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली के रंग बिखेरे





### भगवान श्रीकृष्ण के साथ खेली गई होली

**विदिशा।** दुर्गा नगर खेड़ापति माता मंदिर पर चल रही भागवत कथा के अंतिम दिन कृष्ण राधिका के साथ सभी भक्तों ने मिलकर होली खेली। कथा वाचक आचार्य पीलेश कृष्ण महाराज ने भगवान की कृपालुता का वर्णन करते हुए कहा कि भगवान इतने दयालु हैं की भक्त के किसी भी सत्कर्म से प्रसन्न होते जाते हैं न जाने कोन से गुण पर दया निधि रीझ जाते हैं।



कृष्ण सुदामा की मित्रता का वर्णन करते हुए कहा की सुदामा गरीब ब्राहमण थे और श्री कृष्ण द्वारका न नाथ फिर भी श्री कृष्ण ने सुदामा के सिंहासन पर बैठाया और स्वयं उनके चरणों में बैठे ऐसा कृपालु कोन होगा इसलिए तन मन प्राण से गोविंद भजो प्यारे यही जीवन का सार है और यही जीवन की सार्थकता है।

## होली के रंगों से सजा बाजार, रंग गुलाल, चिपकारियों की लगी दुकानें

# 200 स्थानों पर जलेगी होली, शहर में चप्पे-चप्पे पर पुलिस रहेगी तैनात

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

आज रात में जिलेभर में सैकड़ों स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। शहर में ही करीब 200 स्थानों पर होली जलेगी। जिसमें अधिकांश जगह लोग अब कंडों की होली जलाने लगे हैं। रंगों के इस पर्व को लेकर रविवार रात से सोमवार की रात तक चप्पे-चप्पे पर पुलिस तैनात रहेगी। सोमवार सुबह 10 बजे माधवगंज चौराह से मूर्खाधिराज की सवारी निकालेगी। जिसमें बड़ी संख्या में शामिल हुरियारे रंग-गुलाल उड़ाते शहर के मुख्य मार्ग से निकलेंगे।

### समिति की बैठक हुई

शनिवार शाम 5 बजे स्थान बाल विहार में आदर्श होली समिति की बैठक आयोजित की गई। संयोजक बंटी महाराज ने बताया की बैठक में मुर्खाधिराज की सवारी पारंपरिक रूप से निकालने पर चर्चा की गई। उन्होंने बताया की आदर्श होली उत्सव समिति के तत्वावधान में सनातन श्री हिंदू उत्सव समिति एवं जन चेतना मंच के सहयोग से सोमवार को माधवगंज हास्पिटल रोड राघवजी भाई के निवास से सुबह 9 बजे जुलूस निकाला जाएगा। वहीं चलो आज कुछ अच्छा करते हैं ग्रुप ने दिव्यांग बच्चों के साथ होली खेलकर होली पर्व की शुरूआत की। दीक्षा निकेतन दिव्यांग स्कूल में ग्रुप के सदस्य इकट्ठे हुए और दिव्यांग छात्रों के साथ जमकर होली खेली। साथ ही एक ढोलक संगीत प्रेमी बच्चों को ग्रुप के सदस्यों ने अपनी ओर से भेंट की।

ग्रुप के सदस्यों ने अपने घर से बनवाकर नाश्ता सभी दिव्यांग बच्चों को खिलाया। तभी एक छात्र अभिनव ने कहा कि हमारी ढोलक फट गई है और हम लोग बर्तन से ढोल बजा रहे हैं। ग्रुप के सदस्य राहुल जालोरी द्वारा तत्काल नई ढोलक मंगवाई और बच्चों को भेंट की। बच्चों ने खूब आनंद से होली खेली.. होली के नए-नए गाने गए। ग्रुप के सदस्यों ने भी उन्ही गानों पर नाच गाकर होली का उत्सव धूमधाम से मनाया। ग्रुप के सदस्य हर त्यौहार पर इन बच्चों से मिलने जरूर जाते हैं एवं इन बच्चों के साथ त्योहार धूमधाम से मनाते हैं ताकि इन बच्चों का मनोबल हमेशा बड़ा रहे और इनको किसी भी चीज की कमी ना हो पाए।



विदिशा। होली पर्व को लेकर युवाओं में खासा उत्साह है। शहर में होली के रंगों से बाजार सज चुका है।



### आज रात 10:45 बजे होलिका दहन मुहूर्त

धर्मगुरु धर्माधिकारी गिरधर गोविन्द प्रसाद शास्त्री ने बताया कि होलिका दहन आज रात 10:45 से होगा। ज्योतिष शास्त्र के अनुसार पूर्णिमा चंद्र प्रधान तिथि है, सोमवार की संपूर्ण रात्रि में पूर्णिमा रहेगी अतः 24 मार्च रविवार को होलिका दहन का शुभ मुहूर्त है। विदित हो कि होली पूर्णिमा रविवार की मध्य रात्रि 12 बजे चंद्रमा में विशेष चमक दिखाई देगी। 25 मार्च दिन सोमवार को होली का उत्सव धुरेड़ी मनाई जाएगी।

## शहीद दिवस पर आयोजित किया कार्यक्रम

# वीर शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की गई



विदिशा। कांग्रेसियों ने शहीदों को याद कर श्रद्धांजलि अर्पित की।

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

शहीद सुखदेव, भगत सिंह एवं राजगुरु जी के बलिदान दिवस पर जिला कांग्रेस सेवा दल द्वारा श्रद्धांजलि सभा आयोजित कर क्रांतिकारियों को याद किया किया।

पूर्व विधायक शशांक भार्गव ने पुष्पांजलि अर्पित करके अमर शहीदों के विषय में बताया यह तीनों क्रांतिकारी श्री राजगुरु, सुखदेव, शहीद भगत सिंह जिस उम्र में देश के लिए लड़ते-लड़ते शहीद हो गए उस स्थिति में आज की पीढ़ी पूर्णता परिपक्व ही नहीं हो पाती है। हमें अपने बच्चों को अपनी पीढ़ी को देश के लिए कुछ करने और मर मिटाने के लिए वीरों की गाथाएं सुनानी होगी और वीर शहीदों से प्रेरणा लेनी होगी। वरिष्ठ कांग्रेस नेता शैलेंद्र कटारिया ने भी वीर शहीदों को याद कर उनके जीवन पर प्रकाश डाला। संचालन सेवा दल जिला मुख्य संगठक रामराज सिंह दांगी ने किया।

## विश्व क्षय दिवस पर रैली का आयोजन किया

# टीबी के प्रति जागरुकता फैलाने निकाली गई रैली

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

विश्व क्षय दिवस के मौके पर अस्पताल से क्षय निवारण विभाग ने रैली का आयोजन किया।

रैली मुख्य मार्ग से होती ही विवकानंद चौराहे से वापस जिला चिकित्सालय पहुंची। जहां रैली का समापन हुआ। रैली में शामिल विद्यार्थी जागरूकता संबंधी नारे लगाते चल रहे थे। रैली के माध्यम से लोगो को टीवी संबंधी रोगों को बताने के लिए जागरूक किया गया। अभियान के प्रभारी डॉक्टर सुनील किरार ने बताया कि इस आयोजन का उद्देश्य लोगों में टीबी के प्रति जागरूकता लाना है, ताकि हम इस बीमारी से लड़कर इस पर विजय पा सके। भारत को टीवी मुक्त बनाने के लिए सभी को मिलकर काम करना होगा। टीबी की बीमारी लाइलाज नहीं है। समय से नियमित दवा खाने से टीबी के रोगी ठीक हो जाते हैं। लंबे समय तक खांसी होने पर बलगम की जांच सरकारी अस्पताल में कराएं।

## वृद्धाश्रम में हैं 50 से अधिक बुजुर्ग

# श्रीहरि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को दिलाया मतदान का संकल्प

**विदिशा।** लोकसभा चुनाव में मतदान का प्रतिशित बढ़ाने के लिए मतदाताओं को संकल्प दिलाया जा रहा है। शनिवार को श्रीहरि वृद्धाश्रम में बुजुर्गों को मतदान का संकल्प दिलाया गया। बुजुर्ग मतदाताओं को मतदान का महत्व बताया। बुजुर्गों को मतदान हेतु मिलने वाली पोस्टल बैलेट सुविधा, सुगम वाहन सुविधा, वालंटियर सुविधाओं के बारे में बताया गया। देश के हित में शत प्रतिशत मतदान में भागीदारी करने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर वृद्ध आश्रम के 50 से अधिक बुजुर्गों ने कहा कि वे देश के जिम्मेदार नागरिक हैं, लिहाजा वे स्वयं तो मतदान करेंगे ही साथ में आश्रम में सेवा करने हेतु आने वाली युवा पीढ़ी को भी मतदान हेतु बार-बार याद दिलाकर उन्हें मतदान हेतु प्रेरित करेंगे। इस अवसर पर वृद्धाश्रम की अध्यक्ष इंदिरा शर्मा, संचालक वेद प्रकाश शर्मा, सामाजिक सुरक्षा अधिकारी नेहा करकरे सहित विभागीय अमला मौजूद रहा।

# समापन पर जनसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का महत्व बताया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

गर्ल्स कॉलेज की एनएसएस इकाई द्वारा माधोपुर ग्राम में सात दिवसीय शिविर का शनिवार को समापन हो गया। कॉलेज प्राचार्य डॉ नीता पांडेय ने छात्राओं को सतत आगे बढ़ने प्रोत्साहित किया। सुनपुरा गांव के सरपंच सोनू कुशवाह मौजूद रहे। शिविर समापन के अवसर पर नमिता सेन ने छात्राओं का उत्साहवर्धन किया। जनभागीदारी समिति के सदस्य मनोज पांडे ने छात्राओं को प्रेरित किया तथा जनसेवा के माध्यम से व्यक्तित्व विकास का महत्व बताया। आगामी लोकसभा चुनाव को ध्यान में रखकर माधोपुर ग्राम के मतदाताओं के मध्य नुक्कड़ नाटक आयोजित कर एवं नारों द्वारा मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इसमें जनभागीदारी सहयोगी वीरेंद्र एवं स्वयंसेविका राधा कुशवाह ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। राष्ट्रीय सेवा योजना की सभी छात्राओं ने सात दिवसीय शिविर में सहभागिता की। एनएसएस प्रभारी डॉ सीमा चक्रवर्ती ने आभार माना।




## 2017 के प्रकरण में सुनाया फैसला

# दुष्कर्म के आरोपी को सुनाई आजीवन कारावास की सजा

**हरिभूमि न्यूज. विदिशा।** न्यायाधीश एससी, एसटी अत्याचार निवारण अधिनियम जिला विदिशा ने दुष्कर्म करने वाले आरोपी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। प्रकरण की पैरवी विशेष लोक अभियोजक जेएस तोमर ने की। मामला 21 जून 2017 का है। पीड़िता उसकी मां और भाई तीनों घर के अंदर सो रहे थे। पिता बाहर दहलान में सो रहे थे। रात करीब 11 बजे अभियोक्त्री उठकर बाहर गई और वापस आते समय आरोपी ने उसे पकड़ लिया और जबरन खेत में महुआ के पेड़ के नीचे ले गया। जहां उसके साथ दुष्कम किया। पीड़िता चिल्लाई तो वह जान से मारने की धमकी देकर भाग या। पीड़िता ने घटना की जानकारी माता पिता को दी। परिजनों ने थाने में जाकर मामला दर्ज कराया। मामले की विवेचना तात्कालीन एसडीओपी सारिका जैन द्वारा की गई। विवेचना के बाद आरोपियों को न्यायालय में पेश किया गया।

## शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन पर सेमिनार हुआ

# सालभर बच्चों को कैसे पढ़ाया पोस्टर पर उकेरकर दिखाया



हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

सेंटमेरी सीनियर सेकंडरी स्कूल में डॉक्टर अनीश जोश द्वारा शिक्षकों के वार्षिक मूल्यांकन पर एक दिवसीय सेमिनार का आयोजन किया गया। डॉ जोश ने सभी टीचरों को अपनी-अपनी वार्षिक गतिविधि को एक पोस्टर पर बनाने के लिए कहा। इसके पीछे उनका उद्देश्य यह था कि हर टीचर की तकनीक और हर टीचर की पढ़ाने की शैली अलग-अलग होती है। उसमें से हमें किसी एक विशेष शैली पर ध्यान देना होगा। जिससे बच्चे आसानी से सीख सकें। सेमिनार में टीचरों ने साल भर में बच्चों को किस-किस तकनीक के माध्यम से शिक्षा प्रदान की। कौन सी तकनीक ज्यादा प्रभावी रही एवं किस तकनीक में सुधार की आवश्यकता है इस पर चर्चा हुई। सेमिनार में फादर फ्रिजो ने अपने वक्तव्य में कहा कि टीचरों को बच्चों की पढ़ाई के लिए नवीन टेक्नोलॉजी प्रदान की जा रही है। जिससे बच्चों का मानसिक विकास उन्नत हो। प्रिंसिपल सिस्टर ज्योति ने अतिथियों एवं सभी टीचरों का आभार व्यक्त किया सेमिनार में समस्त स्टाफ उपस्थित रहा।

## माधवगंज से उत्कृष्ट स्कूल तक खिलाड़ियों ने निकाली रैली

# देशभर से 27 राज्यों की टीम ने भाग लिया

हरिभूमि न्यूज ⏭ विदिशा

हैंडबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में 23 से 27 मार्च तक कुशाभाऊ ठाकरे खेल परिसर कनारा मैदान में 45वीं जूनियर बालक नेशनल हैंडबॉल चैंपियनशिप में देशभर से 27 राज्यों की टीमें ने भाग लिया।

करीब 500 बालक खिलाड़ी टूर्नामेंट में शिरकत की। इस अवसर पर सभी प्रदेशों से आए हुए खिलाड़ियों ने रैली निकाली। जो माधवगंज से प्रारंभ होकर शासकीय उत्कृष्ट उमावि के खेल मैदान पर समाप्त हुई इस रैली में मतदाता जागरूकता का संदेश खिलाड़ियों द्वारा दिया गया। प्रतियोगिता का शुभारंभ शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय विदिशा के कनारा क्रिकेट ग्राउंड पर सरस्वती पूजन के साथ कार्यक्रम शुभारंभ किया गया। जिसमें मुख्य अतिथि जिला पंचायत प्रतिनिधि कैलाश रघुवंशी, महासचिव हैंडबॉल फेडरेशन ऑफ़ इंडिया प्रितपाल सिंह सलूजा, अध्यक्ष जिला हैंडबॉल एसोसिएशन विदिशा संदीप डोंगर, जिला खेल अधिकारी प्रदीप रावत, जिला क्रीड़ा अधिकारी स्कूल शिक्षा विभाग संतोष चतुर्वेदी, प्रशांत रघुवंशी, भूपेंद्र शर्मा रहे। शुभारंभ अवसर पर कराटे फेडरेशन द्वारा कराते का एक डेमोंसट्रेशन किया गया। साथ ही सुमंत भार्गव द्वारा शुभारंभ गीत चक दे इंडिया की प्रस्तुति ने खिलाड़ियों का मन मोह लिया।




जिला पंचायत अध्यक्ष द्वारा खिलाड़ियों को खेल भावना से खेलने और हार और जीत करना सोते हुए खेल खेलने को लेकर जोर दिया गया। शुभारंभ मैच बिहार बनाम उत्तरप्रदेश के मध्य वहीं दूसरा मुकाबला तेलंगाना बनाम तमिलनाडु के मध्य खेला जा रहा है। जिला हैंडबॉल सचिव प्रिया बामोरिया द्वारा बताया गया कि यह प्रतियोगिता राउंड रोबिन पद्धति से खेली जाएगी। इस प्रतियोगिता में आठ वर्ग बनाए गए हैं जिनमें आपस में मुकाबले खेले जाएंगे। बिहार और यूपी के बीच हुए मुकाबले में विहार की टीम 14-11 से विजेता रही। वहीं तेलंगाना और तमिलनाडु के बीच हुए मुकाबले में तमिलनाडु की टीम 14-09 से विजेता रही।

## खबर संक्षेप

### दिन में होने लगा तेज गर्मी का अहसास


**गंजबासौदा।** विगत दो दिनों से इलाके भर में तापमान में वृद्धि देखी जा रही है। नगर सहित ग्रामीण अंचलों में सुबह से लोगों को गर्मी का अहसास होने लगता है। दोपहर होते ही तेज गर्मी लोगों को परेशान करने लगी है। लोग गर्मी से बचने के लिए शीतल पेय पदार्थों सहित पंखा, कूलर का सहारा लेने लगे हैं। जिससे गर्मी से बचा जा सके।

### शराब पीकर वाहन चलाने पर हुई कार्रवाई



**गंजबासौदा।** देहात थाना पुलिस द्वारा एक व्यक्ति को वाहन चैकिंग के दौरान शराब पीकर अपनी मोटर साईकिल क्रमांक MP40 BD 6111 को चलाते पाया गया। जिसे रोककर उसका नाम पता पूछा अपना नाम गुड्डा रघुवंशी निवासी ग्राम भिदवासन हाल मुकाम सरस्वती नगर लाल पठार बताया। जिसका मेडीकल परीक्षण कराया जाकर मोटर साईकिल जब्त कर उक्त व्यक्ति के विरुद्ध एमव्ही एक्ट के तहत कार्रवाई की गई। आरोपी को न्यायालय के समक्ष पेश किया जाएगा।

### भंवरलाल यादव का निधन



**गंजबासौदा।** वरिष्ठ पत्रकार एवं पर्यावरणविद स्व अनिल यादव, विहिप के सामाजिक समरसता प्रमुख सुनील यादव, नपा में सांसद प्रतिनिधि देवेंद्र यादव, शासकीय ठेकेदार संजय यादव, भाजपा नेता मनोज यादव के पिताजी एवं नपाध्यक्ष शशि अनिल यादव के ससुर जी, नितिन, हिमांशु, अनुज कन्नू, जनपद सदस्य अमृतांशु अम्मू एवं आदित्य तरु के दादाजी भंवरलाल यादव बाबा साहब का स्वर्गवास हो गया। वह अपने पीछे भरा पूरा परिवार छोड़ गए। उनकी अंतिम यात्रा शाम को निज निवास तारण तरण जैन पाठशाला से पाराशरी विश्राम घाट को निकाली गई। जिसमें बडी संख्या में गणमान्य नागरिकों, जनप्रतिनिधियों ने शामिल होकर दो मिनट का मौन धारण कर दिवंगत आत्मा को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की। बाबा साहब के निधन की सूचना मिलते ही शोक की लहर दौड़ गई। नागरिकों ने बाबा साहब के निधन पर शोक व्यक्त कर दुखी परिवार के प्रति संवेदनाएं व्यक्त की हैं।

# ब्राह्मण दल की बेटी ने अपनी मां को दी मुखाग्नि

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





शनिवार को ग्राम पचमा में पण्डित सुरेश शर्मा की पत्नी पूर्णिमा शर्मा का लंबे उपचार के बाद भोपाल के एक अस्पताल में देहांत हो गया। जब उनकी पार्थिव देह ग्राम पचमा पहुंची तब पता चला कि उनके भतीजे बैंगलोर में होने से आ नही पा रहे हैं, तब घर की बच्ची अर्चना शर्मा जो कि ग्राम पचमा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ता के रूप में पदस्थ है। उन्होंने समाज-जन तथा ग्रामवासियों के सामने अपनी मां का अंतिम संस्कार करने की बात रखी, तब घर पर उपस्थित दल सदस्यों ने उनके इस फैसले पर ग्रामवासियों के साथ स्वागत किया तथा पुत्री अर्चना शर्मा का हौसला बढ़ाया। ब्राह्मण दल के इस परिवार ने समाज के लिए संदेश दिया है कि पुत्र और पुत्री समान हैं।

# कोटवारों की बैठक आयोजित




हरिभूमि न्यूज ▶▶ त्योंदा

शनिवार को त्योंदा पुलिस थाने में कोटवारों की बैठक आयोजित की गई। जिसमें होली एवं ईद का त्यौहार सौहार्द्र पूर्ण ढंग से मनाने पर चर्चा की गई। आचार संहिता को देखते हुए कहीं पर भी कोई भी गर्म माहौल न बन सके शांति पूर्वक त्यौहार की पूजा हो सके। इस विषय में थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी ने त्योंदा तहसील के सभी कोटवारों को समझाइश दी एवं उनका कर्तव्य बताया। इस अवसर पर सभी कोटवार मौजूद थे।

## नौलखी आश्रम में होगी प्राण प्रतिष्ठा और 33 कुण्डीय श्रीराम यज्ञ

# विराट महोत्सव की तैयारियों का कलेक्टर, एसपी ने लिया जायजा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा





नौलखी आश्रम में आगामी 10 से 20 अप्रैल तक चलने वाले विराट प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव और महायज्ञ के आयोजन को लेकर कलेक्टर और एसपी ने शनिवार को वेत्रवती घाट पहुंचकर तैयारियों का जायजा लिया। प्रशासनिक अधिकारियों ने आयोजन स्थल का मौका मुआयना करते हुए आश्रम के महंत राम मनोहरदास महाराज सहित समिति के अन्य पदाधिकारियों से तैयारियों के संबंध में जानकारियां लीं। समिति के पदाधिकारियों ने आयोजन के दौरान विद्युत, जल, सुरक्षा सहित अन्य व्यवस्थाओं के संबंध में प्रशासनिक अधिकारियों को अवगत कराते हुए व्यवस्थाएं उपलब्ध कराने की मांग रखी।

ज्ञात हो कि वेत्रवती घाट पर स्थापित दशकों पुराने नौलखी आश्रम के जीर्णोद्धार के बाद आगामी 10 अप्रैल से भगवान जगदीश स्वामी, राम दरबार के नवीन विग्रहों की प्राण प्रतिष्ठा सहित 33 कुंडीय श्री राम यज्ञ के साथ रामलीला और राम कथा का आयोजन होने जा रहा है। आयोजन के दौरान प्राण प्रतिष्ठा महोत्सव में नगर व ग्रामीण क्षेत्र के लाखों श्रद्धालुओं सहित बड़ी संख्या में महंतों, महामंडलेश्वरों सहित विभिन्न तीर्थ क्षेत्रों से साधु संतों की जमातों के शामिल होने की उम्मीद है। आयोजन की तैयारियों के संबंध में जायजा लेने के लिए शनिवार को कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एवं जिला पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला नौलखी आश्रम पहुंचे और बिंदुवार विस्तार से चर्चा करते हुए उसकी समीक्षा की। आयोजन स्थल का मौका मुआयना करने के पश्चात कलेक्टर ने मौके पर ही विभाग प्रमुखों के अधिकारियों को समिति के साथ समन्वय बनाकर कार्य करने के निर्देश दिए। कलेक्टर ने पीएचई विभाग, जनपद पंचायत, विद्युत वितरण कंपनी, लोनिवि और नगर पालिका के अधिकारियों को निर्देशित किया कि वह समिति के साथ तालमेल बनाकर जो मांगें रखी गईं हैं, उनका निराकरण करें।

कलेक्टर ने समिति से कहा कि विभागीय व्यवस्था के दौरान किसी भी तरह की समस्या आने पर समिति के पदाधिकारी उनसे सीधे संपर्क में रहें। पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला ने समिति के पदाधिकारियों को आश्वस्त किया कि आयोजन में पुलिस का पूरा सहयोग रहेगा। पुलिस का कंट्रोल रूम आयोजन स्थल पर ही बनाया जाएगा। साथ ही घाट पर भी सुरक्षा व्यवस्था को लेकर होमगार्ड के सैनिक और गोताखोर तैनात किए जाएंगे। आश्रम के महंत राम मनोहरदास महाराज, उप यज्ञाचार्य पंडित केशव शास्त्री एवं समिति के अन्य पदाधिकारियों ने कलेक्टर और एसपी को आयोजन का आमंत्रण सौंपकर कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया। इस मौके पर एएसपी डॉ. प्रशांत चौबे, एसडीओपी मनोज मिश्रा, तहसीलदार संदीप जायसवाल, विद्युत वितरण कंपनी के जिला महाप्रबंधक अंकुर सेठ, सिटी थाना प्रभारी संजीव चौकसे, देहात थाना प्रभारी हरिकिशन लोहिया सहित अन्य विभागों के अधिकारी, कर्मचारी एवं समिति के पदाधिकारी और बडी संख्या में गणमान्य नागरिक मौजूद थे।

# शहर वाचनालय में कार्यक्रम आयोजित कर मनाए अनेक दिवस




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

शहर वाचनालय में अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस, गौरैया दिवस, खुशी दिवस कार्यक्रम किए गए। शहर वाचनालय में पाठक संघ के तत्वावधान में विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए गए। कार्यक्रम का संचालन नगर एवं ग्राम रक्षा समिति के प्रांतीय संयोजक दीपक तिवारी द्वारा किया गया। उनके द्वारा रानी अवंती बाई का बलिदान दिवस एवं विश्व गौरैया दिवस ,विश्व स्वास्थ्य एवं प्रसन्नता दिवस पर अपने विचार व्यक्त किए गए।

सुनील बाबू पिंगले द्वारा कहा गया कि गौरैया दिवस 20 मार्च को नेचर फॉर एवर सोसाइटी भारत और इकोसिस एक्शन फाउंडेशन फ्रांस के सहयोग से मनाया जाता है। गौरैया मनुष्यों के आसपास रहना पसंद करती है गौरैया की संख्या में लगातार कमी एक चेतावनी है कि प्रदूषण और रेडियेशन प्रकृति, मानव और पक्षियों के ऊपर बुरा प्रभाव डाल रही है। गौरैया की प्रजाति को बचाने के लिए हम सब का दायित्व है। रानी अवंती बाई लोधी के जीवन पर प्रकाश डाला और कहा शहर वाचनालय में अवंती बाई लोधी बलिदान दिवस गौरैया दिवस खुशी दिवस कार्यक्रम किए गए। कार्यक्रम के अंत में वाचनालय प्रभारी सतीश शिल्पकार द्वारा आभार व्यक्त करते हुए कहा गया कि स्वतंत्रता क्रांति की सबसे पहले मशाल जलाने वाली रानी अवंतीबाई से हम सबको प्रेरणा लेनी चाहिए।

# कुशवाह महासभा ने त्योंदा थाना प्रभारी को दिया आवेदन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शनिवार को कुशवाहा समाज महासभा द्वारा त्योंदा थाना प्रभारी मांगीलाल भाटी को शिकायती आवेदन दिया गया। जिसमें कहा गया कि ग्राम लगदा निवासी वीर सिंह कुशवाहा उम्र 35 वर्ष पिता गोवर्धन कुशवाहा को 18 मार्च को ग्राम त्योंदा में जशोदा बाई के घर के सामने अमरूद के पेड़ पर लटका हुआ पाया गया। जिसे देखकर मोहल्ला वालों ने पुलिस को सूचना दी एवं मृतक वीर सिंह कुशवाहा के परिजनों को बुलवाया तब लाश को पुलिस द्वारा अमरूद के पेड़ से उतार कर पोस्टमार्टम के लिए ले जाया गया। परिजनों का कहना है कि वीर सिंह कुशवाहा की हत्या की गई है। जिसे आत्महत्या का रूप दिया गया है। जिसकी बारीकि से जांच कर हत्यारों को सजा दी जाए एवं उचित कार्रवाई की जाए। आवेदन में कहा गया है कि शीघ्र आरोपियों को गिरफ्तार नहीं किया गया तो कुशवाहा समाज महासंघ द्वारा उग्र आंदोलन किया जाएगा। जिसकी जिम्मेदारी प्रशासन की रहेगी।

मांग करने वालों में गोवर्धन कुशवाहा, धन सिंह कुशवाहा, बृजलाल कुशवाहा, महाराज सिंह कुशवाहा, नीतीश कुशवाहा, प्रीतम कुशवाहा, रवि शंकर कुशवाहा, शंकर लाल कुशवाहा, श्यामलाल कुशवाह, राजा कुशवाहा, रामसेवक कुशवाहा , मुन्ना कुशवाहा एवं बडी संख्या में क्षेत्र के कुशवाहा समाज के लोग मौजूद थे।

## पूर्व मुख्यमंत्री के समक्ष कांग्रेस कार्यवाहक जिला अध्यक्ष ने ली भाजपा की सदस्यता



**गंजबासौदा।** कांग्रेस के जिला कार्यवाहक अध्यक्ष, पूर्व सरपंच संघ अध्यक्ष एवं ब्राह्मण समाज के जिला अध्यक्ष बृजमोहन शर्मा ने गत दिवस नगर में आए पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ग्रहण की। इस अवसर पर पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान, विधायक हरिसिंह रघुवंशी, जिला अध्यक्ष डॉक्टर राकेश सिंह जादौन सहित कई वरिष्ठजनों ने उनका भाजपा की सदस्यता लेने पर स्वागत किया। ब्रजमोहन शर्मा ने बताया कि करीब 100 लोगों के साथ उन्होंने पूर्व मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान के समक्ष भाजपा की सदस्यता ली। क्योंकि भाजपा समाज हित और राष्ट्रहित में काम करने वाली एकमात्र पार्टी है। इसलिए भाजपा की नीतियों से प्रभावित होकर गत दिन उन्होंने भाजपा की सदस्यता लेकर पार्टी हित में काम करने की बात कही। इस अवसर पर सैकड़ों की संख्या में भाजपा के पदाधिकारी कार्यकर्ता का गणमान्य नागरिक उपस्थित थे।

## ईश्वरीय रंग में रंगा हुआ मनुष्य ही योगी है

# स्वयं को ईश्वर समझने वालों का सर्वनाश होता है : दीदी




हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा

ईश्वरीय विश्वविद्यालय मंशापूर्ण हनुमान मंदिर के पास सेवाकेंद्र में अलौकिक होली स्नेह मिलन समारोह आयोजित हुआ। जिसमें ब्रह्माकुमारी रुक्मणी दीदी ने होली का आध्यात्मिक रहस्य बताते हुए कहा कि होली अर्थात बीती सो बीती, जो हुआ उसकी चिंता ना करो और आगे के लिए श्रेष्ठ कर्म, ज्ञान, योग युक्त होकर करो, होली अर्थात होली हो गई, मैं आत्मा अब ईश्वर अर्पण होली, अर्थात अब जो भी कार्य करना वह परमात्मा के आदेश के अनुसार ही करना है। होली शब्द का अर्थ हिंदी में पवित्र है तो जो भी कर्म करना है किसी मनोविकार के वशीभूत होकर ना हो अर्थात शुद्ध पवित्र हो। होली के पावन पर्व पर एक दूसरे पर रंग डालने की प्रथा है।

ज्ञान को रंग कहा जाता है ज्ञानी मनुष्य का संग अर्थात संबंध संपर्क में रहने वाली आत्मा को भी ज्ञान का रंग चढ़ता है, इस सृष्टि पर दो ही रंग है एक माया का रंग दूसरा ईश्वर का रंग। इस रंगमंच पर हर एक मनुष्य इन दोनों में से एक न एक रंग में तो रंगता ही है। माया के रंग में रंगा मनुष्य तो भोगी है। अफसोस है कि ऐसी होली के पावन पर्व को लोगों ने कैसे हुल्लड़बाजी का पर्व बना दिया है। ब्रह्माकुमारी रेखा दीदी ने अपने विचार रखते हुए कहा कि हिरण्यकश्यप की बहन होलिका प्रहलाद को अपनी गोद में लेकर आग के ढेर पर बैठी और वह सोचती है कि प्रहलाद जल जाएगा और वह बच जाएगी। लेकिन इसके विपरीत ही हुआ होलिका जल गई और प्रहलाद बच गया। इसका आध्यात्मिक रहस्य यह है कि एक अकेला बालक भी ईश्वर का ही एकमात्र सहारा लेने पर परीक्षाओं को पार करते हुए विजयी होता है और सुरक्षित रहता है। तथापि भारतवासी प्रतिवर्ष होली तो जलाते हैं किंतु न परमात्मा को जानते ना मानते हैं और ना ही उनकी शरण लेते हैं। इस रीति होली मनाने अर्थात ईश्वरीय ज्ञान और योग द्वारा पवित्र बनने से ही हजार वर्ष पूर्व के गोप, गोपियों के समान अतीन्द्रीय सुख प्राप्त हो सकेगा। अतः होली इस ईश्वरीय स्नेह की याद दिलाती है कि होली अर्थात पवित्र बनिए। बच्चों ने सांस्कृतिक प्रस्तुति दी एवं अनेक लोगों ने कार्यक्रम का लाभ लिया।

## गोदाम में आग से सवा लाख का बारदाना खाक



गंजबासौदा। बीती रात त्योंदा रोड स्थित पुरानी कृषि उपज मंडी में स्थित फर्म रामानंद ट्रेडर्स के बारदाना गोदाम में अज्ञात कारणों से आग लग गई। फर्म संचालक मनोज मुंधडा ने बताया कि बीती रात करीब ढाई बजे फल व्यापारी सुनील गुप्ता ने उन्हें फोन पर दुकान में आग की सूचना दी। जिसके बाद वे मौके पर पहुंचे और डायल 100 एवं नपा की दमकल को सूचित किया। दमकल ने त्वरित कार्रवाई कर आग को बुझाया, लेकिन तब तक गोदाम में रखे करीब सवा लाख रूपए के बारदाने जलकर नष्ट हो गए, लेकिन त्वरित कार्रवाई से इससे अधिक कीमत का सामान बचा लिया गया। फर्म संचालक ने नपा और डायल 100 टीम को धन्यवाद दिया है।

## शिवजी की हुई प्राण-प्रतिष्ठा



**गंजबासौदा।** स्थानीय लाल पठार पर पांच दिवसीय प्राण प्रतिष्ठा आयोजन शिवरात्रि के पावन पर्व पर भक्ति भाव के साथ पूर्ण किया गया। दोपहर में अभिजीत मुहूर्त में भगवान शिव एवं उनके परिवार की प्राण प्रतिष्ठा पंडित केशव शास्त्री, अनिल शास्त्री, गौरव शर्मा के द्वारा विधि पूर्वक संपन्न की गई। इस अवसर पर संपूर्ण लाल पठार क्षेत्र के निवासीगण मौजूद थे। जिन्होंने श्रद्धाभाव के साथ पूजन अर्चन में भाग लिया। कार्यक्रम के अंत में कन्या भोज एवं संत ब्राह्मणों के भोजन के पश्चात लाल पठार के निवासियों को भंडारा प्रसादी प्रदान की गई।

# शहादत दिवस पर कार्यक्रम आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ गंजबासौदा



शहीद ए आजम भगतसिंह, सुखदेव ,राजगुरू के शहादत दिवस पर सेमरी में कार्यक्रम आयोजित कर उनको याद किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता राजेश रिछारिया ने करते हुए भगतसिंह को युवाऔ का रोल मॉडल बताया उन्होने युवाऔ से भगतसिंह के विचारो को अपनाने की बात कही। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि साक्षरता सह समन्वयक महेन्द्र सिंह ठाकुर ने कहा देश को आजादी दिलाने के लिये 2 करोड 72 लाख बुजुर्गो ने अपनी जानों की कुर्बानी दी। तब हमें आजादी मिली है, इसकी कीमत पहचानिए।

कार्यक्रम में विशेष अतिथि मध्यप्रदेश तृतीय वर्ग कर्मचारी संघ अध्यक्ष राजकुमार पाराशर ने कहा भगत सिंह कहते थे, बुराई इसलिए बढ रही है क्योकि सज्जन लोग चुप हैं। हमको हर अन्याय, अनीति, कुरीति का विरोध करने आगे आना होगा। अब कोई भगतसिंह नहीं आएगा उनके काम हमकों करना है। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता योग गुरू सैयद शफाकत हुसैन कादरी ने कहा भगत सिंह चाहते थे, कि स्वतंत्र भारत प्रगतिशील विचारों पर आधारित ऐसा देश बने, जिसमें सबके लिए समता व सामाजिक न्याय सुलभ हो। ऐसा तभी संभव है, जब उसके निवासी ऐसी वर्ग चेतना से संपन्न हो जाएं, जो उन्हें आपस में ही लड़ने से रोके, तभी वे समझ सकेंगे कि उनके असली दुश्मन , जो उनके खिलाफ तमाम हथकंडे अपनाते रहते हैं। सभी गरीबों को , चाहे वे किसी भी जाति, रंग, धर्म के हों, अधिकार एक ही हैं और उनकी भलाई इसी में है कि वे धर्म, रंग, नस्ल के भेदभाव मिटाकर एकजुट हो जाएं। शासकीय माध्यमिक विद्यालय सेमरी के प्रधानाध्यापक प्रज्ञानंद जाटव ने कहा कट्टरता नही भाईचारा, नफरत नहीं मुहब्बत, औरत पर जुल्म नहीं, उसका सम्मान हम सबका मिशन होना चाहिए। कार्यक्रम में वीर शहीदों की याद में महिलाओं का सम्मान करते हुए उनको साड़ी एवं सुहाग की सामग्री वितरित की गई।

## नवनियुक्त कलेक्टर से की उम्मीद, सिरोंज में नए सीएमओ की पद स्थापना की जाए

# शहर के चौक-चौराहों पर नपा सीएमओ पवन शर्मा के गुमशुदा के लगे पोस्टर, 11 हजार रु. का रखा इनाम



मामला : नपा सीएमओ का गोल होना

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नपा परिषद में 8 दिन पहले नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने सिरोंज आकर सीएसमो का पदभार ग्रहण किया था। जिस तेजी के साथ सीएमओ ने ज्वाइन किया उसी तेजी के साथ वह यहा से गोल हो गए। इधर नपा में लाखों रूपए के भुगतान के बिल रूक गए तो वही दूसरी ओर शहर के नागरिक व जनप्रतिनिधि समस्याओं को लेकर परेशान हैं। सीएमओ के नपा कार्यालय में नही मिलने व उनके मोबाईल पर फोन के बाद फोन नही उठाने से परेशान पार्षद प्रतिनिधि तोषमणि पंथी ने नपा कार्यालय व प्रमुख स्थानो पर पोस्टर चिपकाए जिसमें उन्होने लिखा कि गुमशुदा की तलाश बताने वालें को 11 हजार रूपये का इनाम। आखिर नवागत सीएमओ पवन शर्मा ने जिस तेज गति से आकर अपना पदभार ग्रहण किया था। पार्षदो ओर आम नागरिको,नपा कर्मचारियो को बडी उम्मीद थी कि नपा में विकास कार्यों में गति आएगी और समस्त कार्य समय पर पूर्ण होगें। लेकिन सीएमओ के कार्यालय में नही आने से शहर में तरह तरह की अफवाह जोरो पर है।




### आखिर क्यों नही आ रहें सीएमओ

*नवागत सीएमओ के कार्यालय में नही आने को लेकर चर्चाए जोरो पर है। किसी ने कहा कि जब सीएमओ पहले दिन ज्वाइन करने आए थें तब उनके साथ भी घटना घटित हो गई। आखिर सिरोंज जैसे संवेदनशील इलाके में उनकी पदस्थापना किस के कहने पर हुई। वही यह भी सुनने में आ रहा है कि पवन शर्मा के ज्वाइन होने से पहले सिरोंज में रहें पूर्व सीएमओ ने गज बासौदा जाकर कई कहानिया सुनाई है। वही ऐसी अफवाह भी चल रही है कि पवन शर्मा कलेक्टर कार्यालय में आयोजित बैठको एंव भोपाल में आयोजित बैठको में हिस्सा ले रहें है और आखिर सिरोंज के नागरिको का मोबाईल नही उठाना आखिर क्या बात है।*

### लोगों को आ रही पूर्व सीएमओ रामप्रकाश साहू के कार्यकाल की याद

नपा परिषद में पूर्व सीएमओ के पद पर रहे राम प्रकाश साहू का कार्यकाल काफी अच्छा रहा। उन्होने 21 पार्षदो,अध्यक्ष उपाध्यक्ष,नपा कर्मचारी व आम नागरिको,जनप्रतिनिधिओं के साथ एक अच्छा खासा सामजश बिठाया था। साथ ही सभी की भावनाओं के अनुरोध कार्य होते नजर आ रहें थें। राम प्रकाश साहू स्थानीय होने के कारण आम नागरिको की समस्याओं को भली भाति जानते थें। वही क्षेत्रीय विधायक उमाकांत शर्मा के विकास के एंजेडे के अनुरूप कार्य कर रहें थें। वही युवा प्रशासनिक अधिकारी एसडीएम हर्षल चौधरी के साथ उनकी एक अच्छी पटरी बैठी थी। आखिर ऐसा क्या हुआ कि अच्छा कार्य करते हुए भी राम प्रकाश साहू को नपा सीएमओ के पद से हटना पड़ा।

### नपा के चक्कर लगा रहें

नपा में पिछले आठ दिनो से आम नागरिक व पार्षदगण सीएमओ से मिलने के लिए बराबर नपा कार्यालय के चक्कर लगा रहें है। 80 प्रतिशत ऐसे कार्य है जो कि सीएमओ की अनुमति के होने बाद ही संभव है। कई नागरिको सीएमओ पवन शर्मा को फोन भी किया लेकिन वह न तो किसी का फोन रिसीव कर रहें और न ही दोबारा उस व्यक्ति को फोन करने का सोच रहे। जब मैने नपा कार्यालय में पदस्थ कर्मचारियो से पूछा कि सीएमओ साहब कब आएगें तो इस बात का जबाव देने के लिए कोई भी तैयार नही है। मुझे यह जानकारी मिली है कि सीएमओ पवन शर्मा के भाई भाजपा व संघ में अच्छी पेट रखते है। जब वह चाएगें तब वह आएगें। नपा अति आवश्यक सेवाओं में आता है। आखिर सीएमओ की अनुउपस्थिति में किस को अपनी समस्याओं को सुनाए। ऐसी वितरीत पस्थितियों में विदिशा जिले के नव नियुक्त कलेक्टर से हम उम्मीद करते है कि शीघ्र ही नए सीएमओ की पदस्थापना सिरोंज में की जाए। जिससे की शहर की समस्याओं का समाधान हो सकें। मुझे मजबूरी बश सीएमओ पवन शर्मा के गुमशुदा की तलाश के पोस्टर लगाना पडें।

**तोषमणी पंथी,** पूर्व वरिष्ठ पार्षद एंव वर्तमान पार्षद प्रतिनिधि सिरोंज।

## राशन दुकानों पर काला बाजारी करने वालों पर अब तो कार्रवाई हो: सक्सेना

### आम आदमी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष ने कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन



**सिरोंज।** शासकीय उचित मूल्य दुकान संचालकों पर कार्रवाई की मांग को लेकर आम आमदी पार्टी के ब्लॉक अध्यक्ष रजत सक्सेना ने सिरोंज आगमन पर कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य को एक ज्ञापन सौपा। जिसमें उल्लेख किया गया कि सिरोंज तहसील के अंतर्गत वन उपज समिति देवीटोरी एवं वन उपज समिति देवपुर के अंतर्गत लगभग 41 शासकीय उचित मूल्य की दुकानों का संचालन किया जा रहा है जहां गरीबों को एक रुपए व मुफ्त में राशन वितरण किया जाता है लेकिन उक्त दोनों समितियो द्वारा नियुक्त किए गए सेल्समैनों द्वारा उक्त गरीबों के राशन की काला बाजारी की गई है।

वही उन्होने कहा कि उक्त पूरे मामले में खाद आपूर्ति विभाग द्वारा लगभग दो महत्वपूर्ण जांच की गई थी जिसमें दो दर्जन से अधिक उचित मूल्य की दुकानों पर स्टॉक में लगभग 100 से 800 कुंटल तक की गड़बड़ी पाई गई थी लेकिन खाद आपूर्ति विभाग द्वारा उक्त मामले में अभी तक कोई कार्रवाई नहीं की गई यह सब देखकर ऐसा लगता है कि विभागीय अधिकारी जांच के नाम पर मामले को दबाने का प्रयास करें। वही उन्होने मांग करते हुए कहा कि इस मामले में निष्पक्ष जांच कर अति शीघ्र दोषियों पर कार्रवाई की जाए।

## घर के बाहर गांजे की पुड़िया बेच रहे आरोपी को किया गिरफ्तार



**सिरोंज।** पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन में अनुविभागीय अधिकारी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार के नेतृत्व में सउनि मोहनलाल द्वारा मूखबीर की सूचना पर बन्ने मिंया उर्फ बन्ने टाईगर कमल गिरान मस्जिद की गली में रहने वाला अपने मकान के पास गांजे की पुडिया बेच रहा है। मुखबीर से प्राप्त सूचना पर पुलिस ने बन्ने मिंया उर्फ बन्ने टाईगर निवासी वार्ड नं. 06 कमलगिरान मस्जिद सिरोंज के घर के बाहर पहुंची। बन्ने मिया घर के बाहर उपस्थित मिला समक्ष पंचान संदेही बन्ने मिंया की व उसके घर की तलाशी ली गई। तलाशी में बन्ने मिंया के सिर पर पहने रंगीन ऊनी टोपी में 21 पुडिया अखबारी कागज की रखी हुई थी। बन्ने मिंया के कब्जे से पुडियो में प्राप्त एंव घर से पन्नी में प्राप्त गांजो को प्रथक प्रथक तौला गया। 21 पुडिया गांजे को एक साथ तौलने पर 0.056 ग्राम आया तथा पन्नी में रखे गांजे का वजन 1.200 किलो ग्राम आया। वही कुल मादक पदार्थ गांजा 1.256 कि.ग्रा. कीमती करीबन 15000 रूपये निकजा।

# ग्राम मुरवास में नकली नोट छापने वाले को पुलिस ने दबोचा

## प्रिन्टिग मशीन से करता था कलर फोटो कापी, पुलिस ने नकली नोट बरामद कर घर को किया सील

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

नकली नोटो के शहर में चलने की सूचना मिलने के बाद पुलिस अधीक्षक दीपक कुमार शुक्ला के निर्देशन अनुविभागीय अधिकारी उमेश तिवारी के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार के नेतृत्व में उनि.राकेश रघुवंशी द्वारा मय फोर्स के साथ शुक्रवार को विश्वसनीय मूखबीर से सूचना पर लटेरी नाका पर एक व्यक्ति जिसने काली शर्ट व स्लेटी लोवर पहन रखा है, वह अपने पास नकली नोट रखे हुए है, जिन्हे चलाने की फिराक मे घूम रहा है।

वही मुखविर के बताये हुलिये अनुसार एक व्यक्ति दिखाई दिया। जो पुलिस को देखकर भागने का प्रयास करने लगा जिसे हमराह फोर्स व पंचान की मदद से घेराबंदी कर पकडा गया। वही पुलिस द्वारा पूछताज पर व्यक्ति ने अपना नाम भूरा उर्फ भूपेन्द्र सिह धाकड़ ग्राम मोहब्बतपुर थाना मुरवास का होना बताया। वही पुलिस द्वारा जब उक्त व्यक्ति की तलाशी ली गई तो व्यक्ति के लोवर की दाहिनी जेब मे



एक अखबार के टुकड़े मे लिपटे हुए 200 रूपये के नोट रखे हुए मिले, जिन्हे ध्यान से देखा गया तो सभी नोट एक ही नंबर 5 जीएफ 442930 के होकर धुंधली प्रिंटिग के होना पाए गए। जिन्हे गिना गया तो कुल 95 नकली नोट निकले। पुलिस ने उक्त नोटो को अखबार के टुकडे मे ही रखकर पंचान बृजेश मीना व उमर कुरैशी के समक्ष मौके पर ही उक्त 95 नोट को जप्त कर जप्ती पत्रक तैयार कर सीलबंद किया गया। साथ ही आरोपी का कृत्य धारा 489 क, 489ख, 489 ग भा.द.वि. का दंडनीय पाया जाने से आरोपी को पंचानों के समक्ष गिरफ्तार कर गिरफ्तारी पत्रक तैयार किया गया।

### आरोपी प्रिंटिंग मशीन से करता था नोटों की फोटो कापी

पुलिस द्वारा जब आरोपी से नकली नोटो के संबध में पूछताछ की गई। तो आरोपी से उक्त नोटो के संबंध मे पूछताछ कर धारा 27 साक्ष्य अधिनियम का मेमोरेण्डम लेख किया गया जिसने अपने मेमोरेंडम मे उक्त जप्तशुदा नोट स्वंय के घर पर ही प्रिन्टिंग मशीन से फोटो कापी करना बताया। जिससे मय हमराह फोर्स, पंचान व मय आरोपी के रवाना होकर आरोपी के घर ग्राम मोहब्बतपुर थाना मुरवास पहुंचा। जहां आरोपी ने अपने कच्चे घर के मड़ा कमरा मे रखी एक प्रिन्टिंग मशीन एचपी कंपनी की, मशीन के पास मे पड़े हुए 112 सफेद पेज जिनमे 28 पेजों पर दोनों तरफ 200 के नोट छपे हुए थें। साथ ही 84 पेजों पर एक तरफ 200 के नोट छपे पाए गए और 4 आधे कटे हुए पेज जिन पर एक तरफ 200 के नोट छपे थें। वही पुलिस को मौके इंक की 6 बोतल,एक कटर, एक कैंची, तीन स्कैल, एक स्टील की थाली पेश करने पर समक्ष पंचान जप्त कर जप्ती पंचनामा तैयार कर मौके पर ही सीलबंद किया गया। वही पुलिस द्वारा गिरफ्तार शुदा आरोपी भूरा उर्फ भूपेन्द्र सिंह धाकड जिला विदिशा का आपराधिक रिकार्ड समस्त थाना जिला विदिशा से चाहा गया। जिसमें थाना मुरवास द्वारा आरोपी भूरा उर्फ भूपेन्द्र सिंह धाकड़ का आपराधिक रिकार्ड व जिला दंडाधिकारी विदिशा का जिला बदर आदेश प्राप्त हुआ। जिसकी अवधी वर्तमान में प्रभावशील पाई गई। जिस पर से आरोपी भूरा उर्फ भूपेन्द्र सिंह धाकड से जिले में आने का न्यायालय का आदेश एवं अन्य कोई आदेश चाहा गया जिसने न्यायालय का कोई आदेश नही होना बताया। वही आरोपी द्वारा जिला बदर का उल्लघंन करता हुआ कस्बा सिरोंज मे घूमते पाया गया। उक्त कार्यवाही में थाना प्रभारी संदीप कुमार पवार,उनि राकेश रघुवंशी , प्र.आर अमित मिश्रा,संतोष रघुवंशी,सुनील मल्होत्रा की विशेष भूमिका रही।

## कलेक्टर, एसपी ने लिया डांग वाली महामाई के मेले की व्यवस्थाओं का जायजा




हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिरोंज

शनिवार को जिला कलेक्टर बुद्धेश कुमार वैद्य एंव पुलिस अधीक्षक दीपक शुक्ला सिरोंज के प्रसिद्ध तीर्थ स्थल डाँग वाली महामाई मंदिर पर पहुँचें। जहा चैत्र नवरात्रि में श्री महामाई मंदिर पर आयोजित होने वाले पंद्रह दिवसीय विद्या शतचंडी दुर्गा महायज्ञ एवं विशाल मेले के आयोजन की प्रशासनिक तैयारियों को लेकर कलेक्टर बुधेश कुमार वैध ने महामाई सेवा समिति सदस्यों एवं जिला व तहसील स्तर के प्रशासनिक अधिकारियों के साथ व्यवस्था संबंधी बैठक ली।

# मूल्यांकन में लगी डयूटी स्कूलों में लटक रहे ताले

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ग्यारसपुर




जनपद शिक्षा केंद्र के संकुल अटारी खेजरा एवं नौलास के अंतर्गत आने वाली प्राइमरी और माध्यमिक शाला में दिनभर ताले लटके रहे हैं। स्थानीय ग्रामीणों से जब बातचीत की गई तो उन्होंने बताया की स्कूल के प्रभारी सहित अतिथि शिक्षक स्कूल में नहीं पहुंच रहे। दिनभर स्कूल में ताला लटका रहता है।

12 मार्च को लोक शिक्षण संचनालय के द्वारा आदेश जारी किया गया था, जिसमें जिक्र किया गया था पांच भी और आठवीं कक्षाओं के मूल्यांकन में शिक्षकों की इस प्रकार से ड्यूटी लगाई जाए जिससे कि 30 अप्रैल तक स्कूल में पढ़ने वाले नियमित विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित न हो परंतु माध्यमिक शिक्षक एवं प्राथमिक शिक्षकों की मनमर्जी के चलते ग्रामीण स्कूलों में पढ़ने वाले विद्यार्थियों की शिक्षा प्रभावित हो रही है । डीपीआई के आदेश की शिक्षक अवहेलना कर रहे हैं। माध्यमिक शाला सियासी में दोपहर 2 बजे , प्राइमरी शाला मन्नूपुरा, दिया खेड़ा, सीहोद माध्यमिक शाला, एवं कन्या प्राइमरी शाला में ताले लटके मिले। इस संबंध में जब संकुल केंद्र प्रभारी नौलास साधना श्रीवास्तव से बात की तो उन्होंने बताया कि प्रत्येक स्कूलों में शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन में लगी हुई है जिसके चलते शालाये बंद होगी परंतु जिन शिक्षकों की ड्यूटी मूल्यांकन में नहीं लगी उनके लिए स्कूल पहुंचना था। यदि वह नहीं पहुंचे हैं तो जांच कर कार्रवाई की जाएगी। बीआरसी राजेश वैष्णव से बात की तो उन्होंने बताया कि स्कूलों में ताले क्यों लटके हुए हैं मुझे नहीं है जानकारी यदि स्कूल बंद पाएं गये है तो उसकी जांच कर संबंधित शिक्षक के ऊपर कारवाई की जाएगी।

### शौचालय उपयोग करने पर लग रहा शुल्क

**विदिशा।** रेलवे स्टेशन पर बने शौचालय कंपलेक्स पर ठेकेदार के कर्मचारियों के द्वारा मनमाने तरीके से महिलाओं के बच्चों के आम व्यक्तियों से 5 रुपए की वसूली की जा रही है। रेलवे स्टेशन से प्रतिदिन हजारों की संख्या में यात्रियों का आना-जाना लगा रहता है। इमरजेंसी में जब भी किसी यात्री को बाथरूम के लिए जाना पड़ जाए तो पहले 5 जमा करवाते हैं इसके बाद ही अंदर इंट्री देते हैं नहीं तो भगा देते हैं । जबकि शौचालय के बाहर या अंदर कहीं भी इस प्रकार का नोटिस बोर्ड नहीं लगा है। जिसमें कि लिखा हो की बाथरूम के 5 रूपए लिए जाते हैं। जबकि शौचालय का उपयोग करने पर 10 लिए जा रहे हैं। इस संबंध में रेल मास्टर से पूर्व में भी ठेकेदार के कर्मचारियों की शिकायत की गई।इसके बावजूद भी ठेकेदार के कर्मचारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की जाती है मनमाने तरीके से बाथरूम के 5 वसूले जा रहे हैं। वहीं नहीं देने पर दादागिरी दिखाते हैं ।

### 6 करोड़ जमीन कराई मुक्त

**सागर।** कलेक्टर के निर्देश पर जिले में अतिक्रमण एवं मिलावट से मुक्ति अभियान की कार्रवाई लगातार जारी है। इसी परिप्रेक्ष्य में आज अनुविभागीय अधिकारी विजय डहेरिया एवं तहसीलदार प्रवीण पाटीदार एवं राजस्व दल, पुलिस बल की उपस्थिति में प.ह.न. 74 मौजा सिरोजा के खसरा नम्बर 268/1 एवं 268/2 कुल रकवा 2.42 यशोदा बाई शिक्षण समिति की भूमि पर राम नरेश पिता बुन्देल सिंह राजपूत के द्वारा अवैध कालोनी एवं पुलिया को अतिक्रमण मुक्त करने की कार्यवाही की गई।

## नर्वदा वैली स्कूल में हुआ फागोत्सव छात्र-छात्राओं ने खेला रंग गुलाल



हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नर्वदा एजुकेशन वैली हासे स्कूल में फागोत्सव पर छात्र-छात्राओं द्वारा जमकर हर्बल रंगों से होली खेली गई। रंग गुलाल खेलने में स्कूल के शिक्षक शिक्षिकाओं ने भी भाग लिया। छात्र-छात्राओं ने उत्साह उमंग के साथ रंग खेल कर आपसी भाईचोरी और पानी की बचत का भी संदेश दिया। स्कूल के प्राचार्य हारेन्द्र रघुवंशी ने सभी को होली की शुभ कामनाएं देते हुए कहा कि हमे केमीकल युक्त रसायनों वाले रंगों से बचना और प्राकृतिक हर्बल रंगों से होली खेल कर प्रकृति की सुरक्षा पर्यावरण संरक्षण का प्रयास करना चाहिए। कहाकि होली का त्योहार भारी चोरे सबके साथर मिलने जुलने का त्योहार है। स्कूल में सभी त्योहारों पर कार्यक्रम आयोजित कर ब'चों को शिक्षा के साथ संस्कार और त्योहारों की जानकारी देने का प्रयास किया जाता है।

### भाजपा की नगर ग्रामीण मंडलों की हुई बैठक,बनी चुनावी कार्य योजना

**बरेली।** शिवाजी सेवा सदन विधायक कार्यालय में भाजपा नगर एवं ग्रामीण मण्डल की बैठक हुई। बैठक में सभी वरिष्ठ भाजपा कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से चर्चा कर पुरानी कार्य योजना बनाई गई। बैठक में प्रदेश के लोक स्वा. परिवार कल्याण रायमंत्री नरेन्द्र शिवाजी पटैल ने कहा कि देश का जन मन प्रसन्न है। दोनों हाथों से मोटी जी को आशीर्वाद दे रहा है। प्रत्येक बूथ पर 10 प्रतिशत वोट बढ कर बूथ जीतने और 2024 में 400 पार कमल खिलाने भाजपा कार्यकर्ताओं से सक्रियता पूर्वक मतदाताओं से संपर्क और सरकार की लाभकारी योजनाओं की चर्चा करने का आग्रह किया। होशंगाबाद संसदीय क्षेत्र में उदयपुरा बरेली विधानसभा आती है। भाजपा ने दर्शन सिंह चौधरी को प्रत्याशी बनाया है। बैठक में प्रत्याशी के जनसंपर्क स्वागत चुनावी कार्यालय को लेकर चर्चा की गई। बैठक में विधानसभा प्रभारी हरनाम सिंह राजपूत, शंकर सिंह पटेल, नपं अध्यक्ष हेमंत चौधरी, भाजपा जिलामहामंत्री एवं नपं उपाध्यक्ष नेपाल सिंह राजपूत, शेरसिंह चौधरी, राजेन्द्र ठाकुर, पवन रघुवंशी, संतोष राय, रोहित चौधरी, मंडल अध्यक्ष अभिषेक राजपूत, रेवा सिंह गोदर सहित नगर एवं ग्रामीण कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## बैंककर्मी के परिजनों ने ज्ञापन देकर की कार्रवाई की मांग



हरिभूमि न्यूज ▶▶ शमशाबाद

प्राइवेट बैंक में रुपए का कलेक्शन करने वाले चंदर सिंह राजपूत ने विगत दिनों महानीम चौराहा पर बैंक में फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली थी। मृतक के पास से एक सुसाइट नोट भी मिला था। जिसमे दो व्यक्तियों के नाम लिखे थे, लेकिन एक महीने से ज्यादा समय हो जाने के बाद भी मृतक के सुसाइट नोट वाले नाम के व्यक्तियों की अभी तक कोई गिरफ्तारी नहीं होने के कारण मृतक के परिजनों ने पुलिस थाने आकर थाना प्रभारी को ज्ञापन दिया। जिसमें आरोपियों को जल्दी से जल्दी गिरफ्तार की मांग की गई है। मृतक के पिता प्रताप सिंह ने कहा कि मेरे पुत्र चंदर सिंह राजपूत को प्रायवेट बैंक बेतवा अंचल बैंक शाखा शमशाबाद , मुख्य शाखा विदिशा के दो कर्मचारियों द्वारा उसे मानसिक रूप से प्रताड़ित कर उसे फांसी लगने पर मजबूर किया गया। मृतक द्वारा जो सुसाइट नोट मिला उसके अनुसार शीघ्र कार्रवाई की जाए यह घटना 13 फरवरी को हुई थी।

### स्कूल में हर्षोल्लास के साथ मनाया गया होली का पर्व




**गुलाबगंज।** वर्ल्ड में सीनियर सेकेंडरी स्कूल में शनिवार को होली का पर्व बड़े ही हर्षोल्लाह से मनाया गया। स्कूल में नर्सरी से लेकर 5 दिन तक के बच्चों ने एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली खेली। वहीं छठी से लेकर दसवीं तक के बच्चों ने होली पर बहुत अच्छे-अच्छे प्रोजेक्ट बनाकर एक दूसरे को गुलाल लगाकर होली की शुभकामनाएं दीं। स्कूल डायरेक्टर दानिश अली जाफरी ने समस्त स्टाफ और विद्यालय को होली की शुभकामनाएं दी। इस त्यौहार को बड़े हर्ष उल्लास से मनाने के लिए कहा उन्होंने कहा कि होली परंपरा खुशी और भाईचारे की भावना का त्यौहार है। हमें इस प्रेम की भावना से मनाना चाहिए। होली बुराई और अच्छाई का प्रतीक है मैं होलिका दहन में अपनी सभी बुराइयों का दहन कर देना चाहिए।

## होली से अधिक रंग पंचमी पर उड़ता है रंग-गुलाल

# 25 से अधिक स्थानों पर होगा होलिका दहन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बरेली

नगर एवं ग्रामीण क्षेत्र में रंगों के पर्व होली की तैयारियां शुरू हो गई हैं। परिवारों में गुझिया, पपडिय़ा और मिठाईयां बनने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। नगर के विभिन्न स्थानों पर विभिन्न प्रकार के रंग-पिचकारियां बैंचने-खरीदने का सिलसिला भी शुरू हो गया है। क्षेत्र में होली पर रंग खेलने की कम परंतु रंग पंचमी पर भारी उत्साह उमंग के साथ रंग खेलने, टीका लगाने की प्राचीन परंपरा बनी हुई है। होली पर सबसे अधिक ग्रामीण क्षेत्र एवं नगर के अनरय वाले परिवारों में पहुंचकर शोक संवेदनाएं व्यक्त करने, टीका लगाने की परंपरा बनी हुई है। होली पर सुबह से दोपहर तक नगर के गली-मोहल्लों में विशेष कर ब'चे



युवा रंग खेलते और विभिन्न सामाजिक, धार्मिक संस्थाओं प्रमुखों के साथ परिवारों के मुखिया अनरय वाले परिवारों में टीका लगाने सक्रिय बने रहते हैं। होली पर अनरय वाले परिवारों में आने-जाने का सिलसिला रंग पंचमी तक चलता रहता है।

### आज होलिका दहन

जब नगर की आबादी सबसे कम थी तब दशकों पूर्व तक नगर में एक स्थान होली चौक में ही होलिका दहन हुआ करता था। जैसे-जैसे नगर का विस्तार हुआ नगर के विभिन्न हिस्सों में अपनी सुविधा के अनुसार होली जलाने की परंपरा बन गई। नगर में 25 से अधिक स्थानों पर विधि विधान से पूजा के साथ होलिका दहन की तैयारियां शुरू हो गई हैं। पहले लकड़ी-कंडो की होली जलाई जाती थी, अब होलिका दहन में सूखी लकड़ी के स्थान पर गीली लकड़ी,कंडो और बेकार की सामग्री भी लोग जलाने लगे हैं। कभी ग्रामीण क्षेत्रों में होली पर रंगों के साथ गोबर इत्यादि का उपयोग होता था। रंगों में हानिकारक रसायन चेहरे और शरीर को नुकसान पहुंचाते हैं। बश्चे जरूर पिचकारियों में रंग वाला पानी भरकर उपयोग करते हैं परंतु अधिकांश लोग गहरे हानिकारक रंगों के स्थान पर विभिन्न रंगों वाला गुलाल उपयोग करने लगे हैं। नगर परिषद अध्यक्ष हेमंत चौधरी, उपा. नेपाल सिंह राजपूत, निराला समिति के अध्यक्ष्ज्ञ साहब सिंह धाकड़, संरक्षक सुरेश बिदुआ, अवध नारायण सक्सेना, भगवान दास राठी, कवि देवी जैन, प्रेम नारायण साहू के साथ हिउस. अध्यक्ष मनमोहन शर्मा, पूर्व अध्यक्ष राधेश्याम पालीवाल, नगर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष हीरेन्द्र मालवीय ने सभी नगरवासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए पानी की बचत करते हुए सूखे रंगों से होली खेलने की अपील की है।

### रजनी श्रीवास्तव का 67 की उम्र मे निधन

**कस्वा बागरोद।** स्व.बालमुकंद श्रीवास्तव की धर्मपत्नी रजनी श्रीवास्तव का 67 वर्ष की आयु में शुक्रवार को निधन हो गया। श्रीमति रजनी श्रीवास्तव ग्राम मे गंज वाली चाची के नाम से जानी जाती थी। वह विगत कुछ समय से अस्वस्थ चल रही थी उनकी मृत्यु पर ग्राम मे शौक की लहर रही ग्रामवासियों ने गहरा शोक व्यक्त किया।

**नाम परिवर्तन सूचना**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम अतुल राम हैं। एवं मेरी पत्नी का नाम श्रीमति कविता हैं। मुझे अतुल राम अहिरवार एवं मेरी पत्नी को श्रीमति कविता अहिरवार के नाम से भी जाना व पहचाना जाता हैं। उक्त दोनो नाम मेरे एवं मेरी पत्नी के ही हैं। अतः अब मुझे अतुल राम एवं मेरी पत्नी श्रीमति कविता के नाम से जाना व पहचाना जावे।

## 2 एकड़ की गेहूं फसल जलकर हुई खाक, एक लाख का नुकसान



# शार्ट सर्किट से गेंहू की फसल में लगी आग

### फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही ग्रामीणों ने बुझाई आग

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सलामतपुर।

शनिवार को कस्बे में बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से एक किसान की गेंहू की खड़ी फसल में आग लग गई। 2 एकड़ भूमि की फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई। जिससे किसान को लगभग एक लाख रुपए का नुकसान हो गया। वो तो गनीमत रही ही स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ से और सलामतपुर पुलिस ने समय रहते आग पर काबू पा लिया। वरना पूरे 12 एकड़ खेत की गेंहू फसल जलकर खाक हो जाती। सांची से फायर ब्रिगेड भी आग बुझने मौके पर पहुंच सकी।

पुलिस से मिली जानकारी अनुसार कस्बे में पत्रकार अदनान खान की बारह एकड़ भूमि जो भोपाल विदिशा मुख्यमार्ग से लगी हुई है। इस भूमि को उन्होंने सुनारी रोड के प्रेम सिंह को कोल्ही पर साल भर के लिए दे रखी है। इसी पूरी भूमि पर प्रेम सिंह ने गेंहू की फसल कर रखी है। जो पककर पूरी तरह से कटने के लिए तैयार थी। शनिवार दोपहर लगभग साढ़े चार बजे खेत के बीच से निकली बिजली लाईन में शार्ट सर्किट होने से चिंगारी निकली और गेंहू की फसल में गिर गई। जिससे फसल में आग लग गई। स्थानीय ग्रामीणों की सूझबूझ और पुलिस के सहयोग से जल्द ही आग पर काबू पा लिया गया। वरना बड़ा नुकसान हो जाता।

### क्षेत्र में नही है फायर ब्रिगेड की व्यवस्था

*सलामतपुर, बेरखेड़ी चौराहा, दीवानगंज सहित आसपास क्षेत्र में कहीं भी फायर ब्रिगेड की व्यवस्था नही है। जबकि गर्मी के दिनों ने आए दिन आगजनी की घटनाएं सामने आती रहती हैं। आगजनी की घटना होने पर सांची या रायसेन से फायर ब्रिगेड बुलाई जाती है। लेकिन उनके आने में काफी समय लगता है। जिसकी वजह से समय रहते आग पर काबू नही पा सकते। और बड़ा नुकसान हो जाता है। शनिवार को कस्बे में हुई आगजनी की घटना में भी सांची से फायर ब्रिगेड के पहुंचने से पहले ही स्थानीय लोगों ने आग पर काबू पा लिया था। लोगों की मांग है कि शीघ्र ही क्षेत्र में फायर ब्रिगेड की व्यवस्था की जाए ताकि समय रहते आगजनी की घटनाओं में मदद मिल सके।*



### इनका कहना है।

*सलामतपुर में हुई आगजनी की घटना से गेंहू की फसल में आग लग गई थी। जो भी नुकसान हुआ है। मेने पटवारी को पंचनामा बनाने के निर्देश दिए हैं। नियम अनुसार राशि दी जाएगी।*
*- **नियति साहू**, नायब तहसीलदार सांची।*

*जानकारी मिलते ही तत्काल पुलिस अमले के साथ घटनास्थल पर पहुंच गए थे। सांची से फायर ब्रिगेड बुलाई। लेकिन स्थानीय रहवासियों की मदद से समय रहते आग पर काबू पा लिया गया।*
*- **दिनेश सिंह रघुवंशी**, थाना प्रभारी*

*शनिवार को मेरी 2 एकड़ गेहूं की खड़ी फसल में बिजली के शार्ट सर्किट की वजह से आग लग गई। आग लगने से फसल पूरी तरह से जलकर खाक हो गई है। मेरा लगभग 1 लाख रुपए का नुकसान हो गया है। शासन प्रशासन शीघ्र ही मुझे मुआवजा दे।*
*- **प्रेम सिंह**, पीड़ित सुनारी सलामतपुर।*

# प्रलोभनरहित, निष्पक्ष चुनाव कराने सक्रियता से काम करें: कलेक्टर

### कलेक्टर की अध्यक्षता में इनफोर्समेंट एजेंसी की बैठक सम्पन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन




लोकसभा निर्वाचन-2024 अंतर्गत इनफोर्समेंट एजेंसी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने बैठक में उपस्थित इनफोर्समेंट एजेंसी के अधिकारियों को जिले में प्रलोभनरहित, निष्पक्ष, निर्बाध एवं स्वतंत्र निर्वाचन सम्पन्न कराने के लिए सजगता और सक्रियता से काम करने के निर्देश दिए।

उन्होंने कहा कि लोकसभा निर्वाचन में अभ्यर्थी द्वारा निर्वाचन व्यय की सीमा 95 लाख है। अभ्यर्थी द्वारा निर्धारित सीमा से अधिक व्यय ना किया जाए, इसकी सघन मॉनीटरिंग किया जाना है। कलेक्टर ने निर्देश देते हुए कहा कि नगदी, शराब, मादक पदार्थो, कीमती वस्तुओं और फ्रीबीज के परिवहन पर कड़ी निगरानी रखते हुए नियमानुसार जांच कर कार्यवाही की जाए। एफएसटी, एसएसटी सहित अन्य दल सजग रहें और सघन जांच करें। बैठक में डीएफओ रायसेन विजय कुमार, डीएफओ औबेदुल्लागंज हेमंत रायकवार, जिला पंचायत सीईओ अंजू पवन भदौरिया, अपर कलेक्टर, एएसपी कमलेश कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी मुकेश सिंह सहित अनेक अधिकारी उपस्थित रहे।

# जिले में नरवाई में आग लगाने पर प्रशासन ने धारा 144 के तहत लगाया प्रतिबंध

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

जिले में कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी अरविंद दुबे द्वारा सम्पूर्ण जिले की सीमा में खेत में खड़े धान, सोयाबीन के डंठलों (नरवाई) में आग लगाने पर तत्काल प्रभाव से दण्ड प्रक्रिया संहिता 1973 की धारा 144 के तहत प्रतिबंध लगाया है। यह प्रतिबंध आगामी दो माह तक जिले की राजस्व सीमा में प्रभावशील रहेगा। इस आदेश का उल्लंघन धारा 188 के अंतर्गत दंडनीय होगा।

उल्लेखनीय है कि जिले की राजस्व सीमा में धान, सोयाबीन की फसल की कटाई के पश्चात अगली फसल के लिए खेत तैयार करने के लिए बहुसंख्यक किसानों द्वारा अपनी सुविधा के लिए खेत में आग लगाकर धान, सोयाबीन के डंठलों को नष्ट कर खेत साफ करते है। आग लगाने से हानिकारक गैसों का उत्सर्जन होता है, जिससे पर्यावरण पर प्रतिकूल प्रभाव पड़ रहा है। इसे नरवाई में आग लगाने की प्रथा से भी जाना जाता है।

नरवाई में आग लगाना खेती के लिए नुकसानदायक होने के साथ ही पर्यावरण की दृष्टि से भी हानिकारक है। इसके कारण विगत वर्षो में गंभीर अग्नि दुर्घटनाएं घटित हुई हैं तथा व्यापक सम्पत्ति की हानि हुई है। साथ ही बढ़ते जल संकट में इससे बढ़ोत्री तो होती ही हैए साथ ही कानूनए व्यवसायी के लिए भी विपरीत स्थितियां निर्मित होती है। खेत की आग के अनियंत्रित होने पर जनसम्पत्ति व प्राकृतिक वनस्पति, जीव-जन्तु आदि नष्ट हो जाते हैं। जिससे खेत की उर्वरा शक्ति भी धीरे-धीरे घट रही है।

## खबर संक्षेप

### ग्राम भगवंतपुर में जल संरक्षण दिवस मनाया



**दीवानगंज।** सांची विकासखंड के अंतर्गत मानव विकास सेवा संघ सागर द्वारा लोग आधारित विकास प्रक्रिया के अंतर्गत ग्राम भगवन्तपुर में हर वर्ष की तरह इस वर्ष भी जल संरक्षण दिवस मनाया गया। जिसमें बच्चों ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और ग्रामीणों को रैली के माध्यम से जल बचाएं जीवन बचाए के नारे लगाकर ग्रामीणों को जल बचाने हेतु जागरूक किया गया। जिसमें परियोजना के एनिमेटर जितेंद्र अहिरवार एवं शिक्षक कैलाश मालवीय उपस्थित रहे।

### भाजयुमो मंडल अध्यक्ष का किया स्वागत



**सलामतपुर।** नवनियुक्त भाजयुमो सांची मंडल के अध्यक्ष बनने पर विनय मीणा का कस्बे में स्वागत कार्यक्रम आयोजित किया गया। यह कार्यक्रम भाजपा युवा नेता रूपेश यादव के निज निवास सलामतपुर में किया गया। जहां पर श्री मीणा का फूल मालाएं पहनाकर धूमधाम से स्वागत किया गया। कार्यक्रम में मुख्य रूप से वरिष्ठ समाजसेवी अशोक त्रिपाठी, भाजपा युवा मोर्चा के नगर महामंत्री हर्ष यादव, नगर मंत्री अभी कुशवाह, सिद्धार्थ जैन, जवाहरलाल रैकवार, कृष्ण शर्मा, ऋषभ मीणा, अभिषेक मालवीय, माहिर रैकवार, अभय पाराशर एवं अनेक कार्यकर्ता मौजूद रहे ।

### मतदान हेतु चलाया जा रहा जागरूकता अभियान

**रायसेन।** जिले में लोकसभा आम निर्वाचन-2024 में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का उपयोग करें, इसके लिए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे के निर्देशानुसार स्वीप प्लान के तहत मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। सम्पूर्ण जिले में मतदाता जागरूकता अभियान के तहत रंगोली, मेहंदी, रैली, चित्रकलां सहित अन्य मतदाता जागरूकता गतिविधियां आयोजन कर मतदाताओं को लोकसभा आम निर्वाचन में मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है।

## बाइक सवार सड़क पर गिरकर हुआ घायल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दीवानगंज

भोपाल विदिशा हाईवे 18 पर शुक्रवार शाम करीब 8 बजे सामने से आ रही गाड़ी को बचाने के चक्कर में मोटरसाइकिल चालक रोड पर गिरकर घायल हो गया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार नवीन शाक्या पिता विष्णु प्रसाद शाक्या उम्र 32 वर्ष निवासी दीवानगंज का रहने वाला है। शुक्रवार को वह कुल्हाड़िया से दीवानगंज की ओर रहा था। नवीन शाक्या जैसे ही हाई सेकेंडरी स्कूल दीवानगंज के पास पहुंचा तो सामने की दिशा से आ रही दूसरी मोटरसाइकिल को बचाने के चक्कर मोटरसाइकिल सवार नवीन शाक्या सहित रोड पर गिर गया। जिससे नवीन शाक्या का एक पैर और एक आंख तरफ गहरी चोट लग गई। घुटने में ज्यादा चोट आने के कारण नवीन शाक्या चल नहीं पा रहा है। घटना की सूचना मिलते ही छोटे भाई संदीप शाक्या द्वारा घायल नवीन शाक्या को दीवानगंज अस्पताल ले जाया गया।

## जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी की हुई बैठक

हरिभूमि न्यूज ▶▶ रायसेन

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत गठित जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी की बैठक कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। बैठक में राजनैतिक दलों एवं अभ्यर्थियों द्वारा राजनैतिक विज्ञापनों के प्रकाशन और प्रसारण के पूर्व जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी से प्रमाणन कराने की प्रक्रिया तथा कमेटी द्वारा की जाने वाली कार्यवाहियों के बारे में विस्तृत चर्चा की गई। बैठक में एसपी विकास शहवाल तथा मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी के सभी सदस्य और संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे।

बैठक में जिला स्तरीय मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी की सदस्य सचिव जिला जनसम्पर्क अधिकारी अनुभा सिंह ने बताया कि इलेक्टॉनिक मीडिया के विभिन्न माध्यमों में प्रसारित किए जाने वाले विज्ञापन के प्रमाणन हेतु मान्यता प्राप्त राष्टीय और राज्य स्तरीय राजनैतिक दलों तथा अभ्यर्थियों को प्रसारण के तीन दिवस पूर्व और गैर मान्यता प्राप्त राजनैतिक दलों या अन्य को सात दिवस पूर्व आवेदन करना होगा।

मीडिया सर्टिफिकेशन कमेटी प्राप्त आवेदन की 02 दिवस की समयावधि में जांच कर प्रस्तावित विज्ञापन प्रसारण योग्य है या नहीं का निर्णय करेगी।

## तहसीलदार ने मतदाताओं को जागरूक करने किया नवाचार ड्रोन से बनाई शार्ट फिल्म




हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी

लोकतंत्र के महापर्व लोकसभा निर्वाचन 2024 में अधिक से अधिक मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग कर मतदान प्रतिशत बढ़ाने के लिए सम्पूर्ण रायसेन जिले में चुनाव का पर्व, देश का गर्व थीम पर मतदाता जागरूकता गतिविधिया जारी है। तहसीलदार प्रमोद उईके के निर्देशन में अनेक स्वीप गतिविधियां नवाचार किये जा रहे हैं, बारनांचल क्षेत्र के किसानों की जीवन रेखा बारना बांध पर सीईओ दानिश अहमद खान, सीएमओ निरुपमा एस यादव, बीआरसीसी आरसी राजपूत, महिला बाल विकास पर्यवेक्षक जुलेखा खान, सहित सैकड़ों कर्मचारियों जनसामान्य की उपस्थिति में विशेष मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया जिसकी ड्रोन कैमरे से सॉर्ट फिल्म, वीडियो तैयार बनाकर सोशल मीडिया पर अपलोड की गई।

## *जनप्रतिनधियों ने दी रंगों के पर्व होली की नगर वासियों को शुभकामनाएं*

# उत्साह के साथ मनाया जाएगा रंगो का पर्व होली

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

रंगो का पर्व होली को उत्साह व परंपरागत रुप में मनाए जाने को लेकर नागरिको में उत्साह देखा जा रहा है। नगर में रगों की दुकाने सज गई है। जहां पर कि विभिन्न प्रकार के रंग मिल रहे है। होली पर्व को शांति व सद्भाव के साथ मनाए जाने व शांति व्यवस्था बनाए रखने को लेकर प्रशासन पूरी तरह मुस्तैद है। नगर व अंचल में पुलिस जवानो के द्वारा लगातार गस्त की जा रही है, बल्कि नागरिको से शांति व सद्भाव के साथ पर्व मनाए जाने की अपील भी की जा रही है।

नगर के हौली चौक, गांधी चौक, तहसील कॉलोनी, दशहरा मैदान, पड़ान सहित अनेक स्थानों पर होलिका दहन किया जाएगा। होलिका दहन किए जाने को लेकर तैयारियों को अंतिम रुप दिया जाने लगा है। प्रशासन ने आयोजकों से आग्रह किया है कि बिजली लाईन के नीचे होलिका दहन नही करे।





### सोमवार को निकलेगा चल समारोह-

रविवार की रात तय मुहुर्त में हाालिका दहन होने के बाद सोमवार को सुबह के समय नगर में होली चल समारोह निकाला जाएगा। यह चल समारोह श्रीराम मंदिर जमुनिया पुरा से प्रारंभ होकर शनिचरा, हौली चौक, बुधवारा बाजार, समैया मार्केट, गांधी चौक से होता हुआ बजरंग चौराहा पहुंच कर समाप्त होगा। चल समारोह में शामिल हुरियारे फाग गीत गाते हुए एक दूसरे को रंग गुलाल लगाते हुए मस्ती में सरवोर रहेगें। मौहल्लो व कॉलोनियो में भी रंगो का पर्व होली उत्साह से मनाया जाएगा। शांति समिति की बैठक में होली पर्व को शांति व सद्भाव के साथ मनाए जाने को लेकर चर्चा की गई थी। यहां पर प्रशासन ने लोकसभा चुनाव को लेकर चुनाव आयोग के द्वारा जारी आचार संहिता की जानकारी देकर पर्व मनाए जाने का आग्रह किया।

### जन प्रतिनिधियों ने दी होली की शुभकामनाएं

**उमंग के साथ मनाएं पर्व**

रंगो का पर्व होली शांति व सद्भाव का प्रतीक है। यह पर्व शांति व सहिष्णुता का संदेश देता है। होली के खूब सूरत रंगो की तरह आप सभी को होली की बहुत बहुत शुभकामनाए।

**- रामपाल सिंह,** पूर्व मंत्री मप्र शासन।

**होली सभी के जीवन में उत्साह का संचार करे -**

शांति, सहिष्णुता, सद्भाव का पर्व होली, आप सभी के जीवन में उमंग व उत्साह का संचार करे। रंग गुलाल के पर्व होली की नगर वासियो को हार्दिक हार्दिक शुंभकामनाए।

**- रेशु विभोर,** नायक अध्यक्ष नप सिलवानी।

## कलेक्टर एवं आरओ ने की विदिशा संसदीय क्षेत्र अंतर्गत चुनाव तैयारियों की समीक्षा



रायसेन

लोकसभा निर्वाचन अंतर्गत संसदीय क्षेत्र-18 विदिशा निवार्चन सम्पन्न कराने हेतु की जा रही निर्वाचन कार्यवाहियों की समीक्षा बैठक कलेक्टर एवं रिटर्निंग अधिकारी अरविंद दुबे की अध्यक्षता में सभी सहायक रिटर्निंग अधिकारियों की बैठक कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में सम्पन्न हुई। कलेक्टर ने कहा कि संसदीय क्षेत्र-18 में 12 अप्रैल को अधिसूचना प्रकाशन के साथ ही नामनिर्देशन प्रारंभ हो जाएंगे। यह नाम निर्देशन 19 अप्रैल तक लिए जाएंगे तथा 20 अप्रैल को संवीक्षा की जाएगी। अभ्यर्थी 22 अप्रैल तक नाम वापस ले सकेंगे तथा 7 मई को मतदान व 4 जून को मतगणना होगी।

उन्होंने निर्वाचन प्रक्रिया स्वतंत्र, निष्पक्ष और सुचितापूर्ण रूप से सम्पन्न कराने के लिए आदर्श आचार संहिता का प्रभावी पालन कराने के निर्देश दिए।

## यात्रा से लौटे भक्तों ने आनंद के बीते क्षणों को किया सांझा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बाड़ी।

शिव शक्ति धाम कावड़ कॉलोनी से 20 मार्च को 4 तीर्थ धाम यात्रा के लिए भक्तों ने बागेश्वर धाम, अयोध्या नगरी, तीर्थ के तीर्थ प्रयागराज में गंगा स्नान अयोध्या में राजा राम के दर्शन रामसेवक हनुमान जी महाराज के पावन स्थल पर भक्तों ने अरदास लगाते हुए रामसेवक रसिया हनुमान जी महाराज से अपनी मनोकामना पूर्ण होने के लिए राजा राम से अनुरोध एवं आग्रह करने की बात कही।

अयोध्या नगरी में कनक महल राजा दशरथ का महल की भक्तों ने परिक्रमा की और मानव जीवन को आनंद सागर की महासमुद्राम में डुबोने की कोशिश की कहा जाता है जो अयोध्या नगरी में स्नान करता है और माथे पर रज को लगता है बी आनंद सागर का पात्र बन जाता है इसके साथ टूर बस से प्रयागराज में मां गंगा के दर्शन आल्हा का अखाड़ा आल्हा का तालाब आल्हा का मंदिर के समीप ही शारदा माता का मंदिर है बताया जाता है कि आल्हा को मां शारदा ने अपने बेटे की उपाधि दी थी। जो भी व्यक्ति यहां पर मन में जो भी इच्छा रखता है उसकी इच्छा पूर्ण होने पर यहां पर इच्छा अनुसार धर्म यज्ञ के कार्यक्रम किए जाते हैं।

शारदा मंदिर मैहर माता मंदिर के दर्शन कर भक्तों ने यात्रा का समापन 23 मार्च प्रातः 7 बजे शिव शक्ति धाम कावड़ कॉलोनी में यात्रा का समापन हुआ लोगों ने अपने इस मित्रों सहयोगियों के साथ धार्मिक यात्रा में आनंद के कुछ एक दूसरे के साथ साझा किया। इस यात्रा में प्रमुख रूप से रघुवीर सिंह ठाकुर, क्षत्रिय संघ के अध्यक्ष राजेश ठाकुर, सुरेश पाल, पत्रकार महेंद्र शर्मा, ठा. जनरल सिंह, बाबू भैया रघुवंशी, रामस्वरूप मिश्रा, राजेश एवं भारी संख्या में भक्त मौजूद थे।

### बदलते समय ने छीने फागुन के गीत, रोजी-रोटी की जुगाड़ में जुटे वनवासी

# गांव हो या शहर होली को लेकर पहले सा नहीं उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सिलवानी

होली के महापर्व में अब महज 01 दिन शेष है लेकिन ना डांडे गडे ना अब तक रंग गुलाल का कहीं नामों निशान। दिनोंदिन बढ़ती मंहगाई और आर्थिक तंगी ने जहां शहरी जनजीवन को बुरी तरह से प्रभावित किया है वहीं देहाती जनजीवन से भी उन लोक संस्कृति के रंगों को छीन लिया है जो आम जनजीवन को उल्लासित करने का भी कारण बनते थे तथा जंगल में मंगल की उक्ति को चरितार्थ करने में कामयाब होते थे। इसी का प्रमाण है जिले के ग्राम्यांचल और वनांचल का वह क्षेत्र जो विगत कुछ वर्षो से फागुन की मस्ती और होली की मादकता से दूर होता जा रहा है।

आलम यह है कि आज ना तो गांव की चौपालों पर होली के गीत गूंज रहे हैं और ना ही सघन वनांचल में बसे गांवों की बस्तियों से हंसी ठठे की आवाजें उभर रही हैं। गांवों में बसने वाले देहाती जहां आने वाले समय के लिऐ उपज को बेचने और नऐ सीजन की तैयारियां करने के साथ साथ घर गृहस्थी की जिम्मेदारियों को निपटाने की प्रक्रिया में व्यस्त हैं वहीं जंगली इलाकों में रहने वाले वनवासी अपनी बस्तियों से निकलकर उन निर्माण स्थलों पर नजर आ रहे हैं जहां विकासशीलता अंगड़ाई लेती देखी जा रही है।



उल्लेखनीय है कि चंद वर्षों पहले तक वनों और गांवों की बहुलता वाले अंचल में ऐसा नहीं था। यह वह दौर था जब बमुश्किल दो जून की रोटी का जुगाड़ करने वाला देहाती व आदिवासी समाज तीज त्यौहारों को लेकर आह्लादित दिखाई देता था तथा त्यौहार से एक पखवाड़े से लेकर एक माह पूर्व तक से अपनी फाका मस्ती का प्रमाण सुरीली तानों और मदमाती धुनों से देने में व्यस्त हो जाता था। अब हालात काफी बदल गऐ हैं नतीजतन त्यौहारों को मनाने का ढंग भी बदल चुका है।

### नहीं गढ़े डाण्डे, नहीं छिड़ा सिलसिला

होलिका दहन के लिऐ होलाष्टक की शुरूआत के साथ डाण्डे गाढ़े जाने तथा होलिका दहन के लिऐ सामग्री के एकत्रीकरण का जो सिलसिला कुछ वर्षों पहले कमोबेश एक पखवाड़े पहले से शुरू हो जाता था वह इस बार कहीं नजर नहीं आ रहा है। भले ही इसे लोग आम चुनावों की सरगर्मी से पहले का माहौल कह रहे हो परन्तु सच्चाई यह है कि उल्लास का माहौल कहीं बहुत पीछे छूट गया है। गांव की पगडण्डियों पर दौड़ने वाले नौजवान और बच्चे हों या फिर शहरी सड़कों पर फर्राटे भरते नवयुवक और बालक, कोई भी होली की तैयारियों को लेकर ना तो संजीदा है और ना ही उत्साहित। लोगों का कहना है कि जल्दी क्या है, होली हर बार जलती है इस बार भी खिल जाऐगी। रंग गुलाल हर बार खिलता है इस बार भी खिल जाऐगा। मतलब साफ है त्यौहार अब उल्लास के प्रतीक नहीं रस्मों की अदायगी भर रह गए हैं जिनका निर्वाह इस बार भी हो जाऐगा। प्रबुद्ध वर्ग के अनुसार पुराने समय में होली के रंग और उल्लास पर सभी का साझा हक माना जाता था तथा लोगों के दिलों में एक दूसरे के धर्म, संस्कारों और रीति रिवाजों के लिए पर्याप्त